तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 9 फरवरी 2026



10 ग्राम पंचायत पिकरीपार में हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण...





09 रामचरण बने शाला समिति के अध्यक्ष






## खबर संक्षेप

### ग्राम तार्री के शिव मंदिर में चोरी

**बालोद।** क्षेत्र मे चोरो ने मंदिरो को अपने निशाने में ले लिया है। जिले में विभिन्न मंदिरो में चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। ताजा मामला ग्राम तार्री के शिव मंदिर में हाथ साफ कर लिया। मंदिर के चढ़ावा को चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद पुजारी द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम तारएं निवासी कार्तिक राम देहारी ने पुलिस को बताया कि मंदिर का साफ सफाई, पूजा अर्चना के लिए मंदिर गया, जहाँ जाकर देखा तो मंदिर के गेट का ताला टुटा हुआ था, एक राड, ताला टुटा हुआ पडा हुआ था, मंदिर अंदर प्रवेश किया तो मंदिर का सामान बिखरा हुआ पडा था, मुर्ति के पास दान में चढा हुआ सिक्का व नोट करीबन 3000 रूपये रखा हुआ था। जिसे कोई अज्ञात चोर 28–29/01 जनवरी 2026 के दरम्यानी रात को चोरी कर ले गया है। समिति के सदस्यो से सलाह लेने के बाद 07 फरवरी को थाना रिपोर्ट दर्ज कराने आया हूं।

### ग्राम चिचबोड के शीतला मंदिर में चोरी

**बालोद।** ग्राम चिचबोड के शीतला मंदिर से चोर द्वारा दानपेटी में रखे पैसे की चोरी कर ली गई। जिसके बाद पुजारी द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया गया है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चिचबोड निवासी विष्णु राम साहू पिता स्व. गोविन्द राम साहू 62 वर्ष ने पुलिस को बताया कि ग्राम चिचबोड के शीतला मंदिर में पूजा पाठ व देखरेख करता हूं। रोज की तरह रात्रि 07 बजे शीतला मंदिर में पूजा पाठ कर मंदिर के दरवाजा को ताला लगाकर बंद कर अपने घर चला गया था, सुबह 05:30 बजे मंदिर में पूजा पाठ करने गया तो देखा कि मंदिर का दरवाजा खुला हुआ था और दरवाजा में लगा ताला टूटा हुआ था, दरवाजा से देखा तो दान पेटी जिस जगह पर रखा हुआ था वहां पर नही था दूसरे जगह मंदिर अंदर खुला पडा हुआ था, मंदिर के गेट के सामने टूटा हुआ ताला एवं त्रिशूल पडा हुआ था, तब मैं ग्रामीण अध्यक्ष राज कुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष ढाल सिंह साहू एवं गांव के अन्य लोगों को बताया हूं तब जाकर देखे तो 01 साल से दान पेटी में रखे दान के पैसा करीबन 3000 रूपये रहा होगा जिसे कोई अज्ञात चोर मंदिर के दरवाजा का ताला तोडकर मंदिर अंदर प्रवेश कर दान पेटी में रखे पैसा को चोरी कर ले गया है।

### केबल वायर की चोरी अज्ञात आरोपी की तलाश

**बालोद।** खेत में लगे मशीन के केबल वायर को अज्ञात चोर ने दूसरी बार चोरी कर लिया जिसके बाद किसान ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम शिकारीटोला निवासी यशवंत कुमार साहू ने पुलिस को बताया है कि शिकारीटोला खार में मेरा स्वयं का खेत है, जिसमें बोर खनन हुआ है बोर में पावर सप्लाई हेतु करीबन 200 फीट केबल तार को लगाया था, 13 जनवरी के सुबह 06:30 बजे खेत जाने पर पता चला कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा 12 जनवरी 2026 के रात्रि में 120 फीट केबल तार को चोरी कर ले गया था, तब मैने कोई रिपोर्ट दर्ज नही कराई तब मैं अपने खेत में पुनः 110 फीट का केबल तार लगाया था कि 19 जनवरी 2026 के शाम को खेत गया था तब तक मेरा खेत में तार लगा था कि 20 जनवरी 2026 के सुबह 06:30 बजे मैं खेत गया तो देखा कि पुनः मेरे बोर में लगे 110 फीट तार को काटकर कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। 12 जनवरी 2026 के रात्रि 8 बजे व 20 जनवरी 2026 के सुबह 06:30 बजे के मध्य मेरे खेत में लगे कुल 230 फीट केबल तार कीमती 6500 रूपये शेष पेज 8 पर



### मौसम अनुकूल रहा तो गुणवत्ता और पैदावार दोनों बेहतर

# दुर्ग ग्रामीण के आम के पेड़ों पर बौर, अच्छी फसल की उम्मीद से किसानों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग (ग्रामीण)। अंचल में इन दिनों आम के पेड़ों पर बौर (फूल) खिलने से घर-आंगन और बगीचों में बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिल रहा है। पीले-सुनहरे रंग के फूलों से लदे आम के पेड़ न सिर्फ वातावरण को महक रहे हैं, बल्कि किसानों और बागवानों के लिए अच्छी पैदावार की उम्मीद भी जगा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई घरों के आंगन और खेत-खलिहानों में लगे आम के पेड़ों पर भरपूर बौर आने से इस वर्ष अच्छी फसल की संभावना जताई जा रही है। मौसम अनुकूल रहने पर बौर से फल बनने की प्रक्रिया मजबूत होगी, जिससे आने वाले महीनों में आम की पैदावार बेहतर रह सकती है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर हल्की बारिश और तापमान संतुलित रहा तो आम की गुणवत्ता अच्छी रहेगी और बाजार में दाम भी बेहतर मिल सकते हैं। इससे स्थानीय किसानों को सीधा आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। आम की आवक बढ़ने से स्थानीय बाजारों में रौनक बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय पेड़ों की उचित देखभाल, समय-समय पर सिंचाई और कीट-रोग से बचाव जरूरी है, ताकि बौर सुरक्षित रह सके। सही प्रबंधन के साथ दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में आम की खेती इस साल किसानों के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकती है। कुल मिलाकर, आम के पेड़ों पर खिले बौर ने न सिर्फ गांवों की सुंदरता बढ़ाई है, बल्कि किसानों के चेहरे पर भी मुस्कान ला दी है।

- आम की आवक बढ़ने से स्थानीय बाजारों में रौनक बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे

### आयोजन : हर क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा दिल्लीवार समाज: भूपेश बघेल

# दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज के छग स्तरीय सम्मेलन के समापन में बघेल रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय सम्मेलन ग्राम देवरी ख में हुआ। अंतिम दिवस रविवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल थे। उन्होंने अपने लंबे उद्बोधन में कहा कि समाज को वर्तमान से ज्यादा भविष्य पर नजर रखना होगा। भविष्य हमारा सुदृढ़ हो इसलिए आज से हमें उन पर योजना बनानी होगी। उन्होंने समाज में कुरीतियों को दूर करने अपनाये जा रहे नियमों का बखान किया। महिलाओं की उपस्थिति को लेकर कहा कि जिस समाज में महिलाएं जागरूक हो गई तो उस समाज का विकास कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने समाज के क्रियाकलापों की प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन ने की।

कार्यक्रम के तृतीय दिवस का कार्यक्रम सुबह समाज के पुरोधाओं की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना कर किया गया। प्रारंभ में महिला समिति का आयोजन हुआ। इसमें महिला समिति अध्यक्ष प्रीती देशमुख ने महिला समिति द्वारा किए जा रहे रचनात्मक कार्यों की जानकारी दी। सचिव पुष्पा पिपरिया ने प्रतिवेदन पढ़ा। कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय योगदान देने के लिए महिलाओं का सम्मान किया गया। इसमें ओम देशमुख, रीना देशमुख, कुसुम देशमुख आदि का सम्मान किया गया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र बेलचंदन ने कहा कि आज समाज लगातार विकास कर रहा है। हमारे समाज की महिला समिति और युवा समिति पुरजोर सक्रियता दिखा रही है। आज के युवा हमारे समाज के भविष्य हैं। हमें उन्हें मजबूती के साथ सहयोग करना है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए कई नियम बनाए गए हैं, उनका पालन करने की जिम्मेदारी हम सबकी है, तभी समाज विकास करेगा। उन्होंने कहा कि आज समाज शिक्षा के क्षेत्र में अपना डंका बजा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में आए सुझावों का गंभीरता से विचार किया जाएगा और जो उचित हो निश्चित रूप से समाज उसका पालन करेगा। समाज के महामंत्री ललित देशमुख ने समाज की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि समाज निरंतर विकास कर रहा है। समाज विकास के लिए सभी वर्गों से राय विचार विमर्श किया जा रहा है। महिला समिति के कार्यक्रम में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, समाज के संरक्षक कालीशरण देशमुख, चंद्रिका देशमुख, उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, कोषाध्यक्ष दिलीप देशमुख, यशवंत दिल्लीवार सलाहकार, अध्यक्ष प्रीती देशमुख, सचिव पुष्पा पिपरिया, युवा समिति अध्यक्ष हेमंत देशमुख, आदि रहे।





#### कार्यक्रम में खेतीखार सम्मान

गिरीश दिल्लीवार फुंडा, बारी बखरी सम्मान बिना पिपरिया ग्राम कुंभली, पुना ग्राम तिरगा को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विमल गौतम, तेजराम देशमुख, भागवत देशमुख, भोजेंद्र देशमुख, नीरेश पिपरिया, आयोजक समिति सर्किल जंजगिरी अध्यक्ष अशोक भारदीय, कपिलदेव देशमुख सचिव महेन्द्र दिल्लीवार, रामरतन देशमुख, चिंतामणी देशमुख, ओंकारेश्वर हरमुख, ईश्वरी बाई देशमुख, भगवती देशमुख, श्याम देशमुख, झामिन देशमुख, केंवराबाई देशमुख, चंद्रकांता देशमुख, संतोष देशमुख, युवा अध्यक्ष तामेश्वर देशमुख, डोमेन्द्र कुमार देशमुख, विवेक गौतम, प्रदीप देशमुख, छत्रपाल देशमुख, सर्किल संरक्षक शेरसिंह देशमुख, सलाहकार राजेश देशमुख आदि सक्रिय रहे।

#### समाज की प्रतिभाओं का सम्मान

आयोजित कार्यक्रम में युवा समिति ने समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया। समाज द्वारा भी अनेक प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया। सर्वोच्च अंक बारहवीं 2025 कुमारी प्रेमा देशमुख, पूर्वी देशमुख , मयंक देशमुख झोला, सिद्धार्थ देशमुख , तूलिका देशमुख चंगोरी, सर्वोच्च अंक दसवीं 2025 भूपेंद्र देशमुख दूधली, लक्ष्मी देशमुख देवरी (क), लीना देशमुख देवरी (क), सार्थक देशमुख भिलाई, हर्षित देशमुख प्रियंका नगर भिलाई, कुमकुम देशमुख भरदा (कोनारी), युगांत देशमुख बुढ़ापारा बालोद, द्रोण देशमुख विनायकपुर, अभिनव देशमुख चगोरी, कीर्तन देशमुख तिरगा, धनिका देशमुख दूधली, जिज्ञासा देशमुख सरेखा, नीट चयनित 2025 शिखर जवाहरलाल देशमुख पैरी, अंजली देशमुख सूरेगांव, निशांत देशमुख कोरगुड़ा, साक्षी देशमुख साल्हेटोला, यस्मी देवरी बंगला स्वप्निल गौतम जेवरा सिरसा, चुम्मन लाल वर्मा सुरसाबांधा, यू पी एसी धर्मेश देशमुख टिकरी, पीएचडी अंकित देशमुखआलबरस, विकास दिल्लीवार बीरेतरा, अंतरराष्ट्रीय खेल क्रिकेट राजेंद्र देशमुख बुढ़ानपुर, पुरन देशमुख विनायकपुर, लोक कला एवं साहित्य माधव देशमुख मोगरी का सम्मान किया गया। उत्कृष्ट खेती के लिए दिया गया सम्मान आयोजित।

## चाकू से प्राणघातक हमला करने वाले दो आरोपी व एक अपचारी बालक गिरफ्तार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आमापारा बालोद नहर नाली के पास चाकू से प्राण घातक हमला करने वाले 02 आरोपियों सहित 01 अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से घटना में उपयोग किये चाकू, मोटर सायकल बजाज पल्सर आरएस 200 एवं 04 नग मोबाईल जप्त को जप्त किया गया। आरोपीगणों को मोटर साइकिल हटाने के लिये बोलने पर गाली गलौच करते हुए मोटर साइकिल को नहीं हटाएंगे कहकर हाथ मुक्का से मारपीट कर घटना को अंजाम दिया था।

ग्राम खपरी मालीघोरी निवासी प्रार्थी धमेन्द्र ठाकुर पिता रूमलाल ठाकुर उम्र 25 वर्ष ने पुलिस को बताया था कि 06 फरवरी को मोटर साइकिल में ग्राम खपरी मालीघोरी निवासी प्रवीण निर्मलकर पिता स्व. रामदास निर्मलकर 25 वर्ष के साथ शराब दुकान आमापारा बालोद से घर जाते समय आमापारा बालोद नहर नाली के पास करीबन 03.30 बजे पहुचे थे जहां रोड में 02 मोटर साइकिल खड़ाकर 03 लड़के बातचीत कर रहे थे जिस कारण मोटर सायकल रोड में जाने से परेषानी होने से प्रवीण मोटर साइकिल से उतर कर 03 लडको को मोटर सायकल हटाने के लिये बोलने पर तीनों लड़कों ने प्रवीण को गाली गलौच करते हुए मोटर साइकिल को नहीं हटाएंगे कहकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे जिसे देखकर प्राथएँ ने प्रवीण को बचाने के लिए गया तो प्रार्थी को उन 03 लडको में से जो कम हाईट का छोटा लडका था उसने बाये आंख के पास मुक्का मारा है मारपीट करने के बाद कम हाईट वाले छोटा लडका एंव मोटा मूंछ वाले लडका ने प्रवीण के हाथ को पकडा कर अपने साथी लम्बा बाल वाले लड़का को अपने पास रखे चाकू को निकालकर प्रवीण को मारने के लिये कहने पर लम्बा बाल वाले लडका ने अपने पास रखे चाकू को निकालकर प्रवीण को जान से मारने के लिये प्रवीण के पेट और पीठ में करीब 04–05 बार वार किया है। रिपोर्ट पर थाना बालोद में धारा 296, 109, 115(2), 3(5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण के विवेचना दौरान अज्ञात आरोपीगणों का पता तलाश करने पर आरोपी वार्ड क्र. 03 कोकड़ीपारा बघमरा थाना व जिला बालोद निवासी अमन सोनी पिता मनेश सोनी उम्र 24 वर्ष, ग्राम रिवागहन बटरेल थाना जामगांव आर. जिला दुर्ग निवासी गुलशन साहू पिता लेखराम साहू 20 वर्ष एवं 01 विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया, आरोपीगणों से घटना में प्रयुक्त चाकू, मोटर सायकल बजाज पल्सर आरएस 200 एवं 04 नग मोबाईल शेष पेज 8 पर

- घटना में प्रयुक्त चाकू व पल्सर बाइक जप्त

## ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर युवक से 86 हजार की ठगी की, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ऑनलाईन लोन दिलाने के नाम पर युवक से 86 हजार की धोखाधड़ी कर दी गई। जिसके बाद पीड़ित युवक ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया है। जिसमे पुलिस ने धारा 305(उ), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम कुम्हारखान निवासी दिनेश कुमार मधुकर पिता गुहाराम मधुकर ने पुलिस को बताया कि निधि कम्प्यूटर, लोक सेवा केन्द्र के नाम से बस स्टेंड यात्री प्रतीक्षालय के अंदर गुरूर में च्वाईस सेंटर का संचालन करता हूँ मुझे 22 नवंबर 2025 को फोन के माध्यम से अपना नाम विशाल चौधरी लोन प्रोजेक्ट आफिसर बताया से फोन पर बात हुई जिसमें पांच लाख लोन दिलाने संबंधी बात की, मुझे कुछ दिन तक विश्वास नहीं हुआ बात होती रही। उसके पश्चात विशाल चौधरी के द्वारा मुझे त्रिलोक अवस्थी से मेरे फोन न्यू दिल्ली आफिस का बिजनेस डवलपमेंट मैनेजर का परिचय देकर 04 दिसंबर 2025 फोन के माध्यम से बात हुई, जिसके बातों में आकर मैं लोन लेने के प्रोसेस को स्वीकार करते हुए त्रिलोक अवस्थी के बात को मानकर आईबीआई बाण्ड के लिए पुनीत गोयल फोन से मेरे फोन पर बात हुई। पुनीत गोयल के द्वारा मुझे 36,000 रूपये के बाण्ड हेतु 05 फरवरी 2025 को रोहित का बैंक विवरण ब्रांच नेहरू प्लेस न्यू दिल्ली मेरे मोबाइल एवं व्हाटशाप नंबर में भेजा गया, जिसमें मेरे फोन पे नंबर से उक्त एकाउंट नंबर में 36,000 रूपये का भुगतान बैंक के यूपीआई से किया, जिसके बाद बाण्ड की कापी मुझे मेरे व्हाटशाप में दिया गया।

उसके पश्चात 08 दिसंबर 2025 को मुझे दीपक अग्निहोत्री, फाइनेंस का एकाउंटेंट फोन नंबर का फोन मेरे फोन नंबर आया जो अपना परिचय बताते हुए सिविल व 10 प्रतिशत राशि प्रोसेसिंग के नाम पर 50,000 रूपये जमा करने हेतु खाता विवरण यूको बैंक, मेरा मोबाइल एवं व्हाटशाप नंबर में भेजा गया। उक्त खाते नंबर पर पच्चीस–पच्चीस हजार दो बार करके 50,000 रूपये मेरे द्वारा मेरे फोन पे बैंक के यूपीआई के माध्यम से किया गया। तत्पश्चात मुझे लोन शेष पेज 8 पर

- फोन कॉल के जरिए लोन प्रोजेक्ट ऑफिसर बनकर रचा जाल

## बूथ अध्यक्ष ने किया कुसुमकसा में 15 लाख के बाजार शेड निर्माण का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसुमकसा में जिला खनिज न्यास निधि से 15 लाख के बाजार शेड निर्माण का भूमि पूजन बूथ अध्यक्ष के हाथों किया गया। योगेंद्र सिन्हा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा के द्वारा कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए एक नई परंपरा की शुरुआत की गई है। जिसके तहत उन्होंने विगत दिनों कहा था कि जिस किसी भी बूथ स्तर पर निर्माण कार्य किया जाएगा। वहां का भूमि पूजन का कार्य बूथ अध्यक्षों के द्वारा किया जाएगा। इसी नई परंपरा का पालन करते हुए बूथ अध्यक्ष शिवराम सिंन्द्रामे व संतोष जैन के हाथों भूमि पूजन कराया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा ने कहा भाजपा की पूंजी भाजपा का कार्यकर्ता है । इस लिए कार्यकर्ताओं को सम्मान देने के लिए कुसुमकसा मंडल मे जो भी विकास कार्य का भूमि पुजा होगा उस ग्राम के बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी के हाथो ही कार्य संपन्न किया जाएगा । इस भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शेष पेज 8 पर

- होगा बाजार शेड का निर्माण



## भारी वाहन की ठोकर युवक घायल, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** पीकअप के माध्यम से चायपत्ति ले जा रहे युवको को हाईवा ने ठोकर मार दिया। जिसके बाद पीड़ित युवको ने हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। रेलवे कालोनी बालोद निवासी आशीष साहू ने पुलिस को बताया कि 04 फरवरी को रात्रि 09.15 बजे मै अपने चालक गोपाल सिंह साहू एवं मेरे वर्कर कृष्णा सिन्हा के साथ अपनी शेष पेज 8 पर

### परीक्षा की तैयारी और अनुशासन पर दिया जोर

# शाला मोहारा में शिक्षक-पालक-बालक सम्मेलन में डॉ. हरिकृष्ण रहे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

शासकीय प्राथमिक शाला मोहारा में शिक्षक, पालक और बच्चों का सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर थे। अध्यक्षता अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति मोहारा मनहरण लाल साहू ने किया।

विशिष्ट अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत मोहारा तेशवरी नेताम, शिक्षाविद बोधराम हिरवानी, अध्यक्ष शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा छबिलाल धनकर, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला मोहारा एवं शाला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य फलेश्वर अठभैया के उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया गया, सभी अतिथियों एवं बालकों का स्वागत सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ हरिकृष्ण गंजीर ने सभी पालकों को बहुत–बहुत धन्यवाद दिया जो इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और परीक्षा का समय बहुत कम है सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा गया बच्चों के प्रति पालकों को विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। अध्यक्ष मनहरन साहू ने कहा कि आप सभी को ध्यान लगाकर पढ़ाई करना चाहिए। प्रधान पाठक ने सभी विद्यार्थियों को अनुशासित रहने के लिए और अच्छे से पढ़ाई करने के लिए कहा गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का शाला स्तरीय कक्षा में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया है उन सभी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया और सभी विद्यार्थियों को मार्कशीट प्रदान किया गया। शिक्षक, पालक और बच्चे एक साथ बैठकर बच्चों का अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम पालक के सामने बताया गया और जिसका नंबर काम है उसको हिदायत दिया गया कि आप अपनी पढ़ाई में अच्छे से ध्यान दो और अच्छे अंक प्राप्त कर अपने स्कूल का और अपने मां–बाप का नाम रोशन करें। सभापति जनपद पंचायत गुरुर डॉ हरिकृष्ण गंजीर की ओर से बच्चों एवं बालकों को न्योता भोज खिलाया गया। इस अवसर पर सहायक शिक्षक चंद्र किरण साहू, सहायक शिक्षक टेक राम डहरे, अगेश्वर कुमार साहू, शंकर लाल साहू, चंद्रहास नेताम, श्याम लाल साहू, वीरेंद्र कुमार साहू एवं साला प्रबंधन समिति के समस्त सदस्य समस्त पालक गण एवं समस्त शिक्षक गण एवं समस्त बच्चों बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का संचालन टेकराम डहरे ने किया और कार्यक्रम का आभार अठभैया ने किया।



## खबर संक्षेप

### पत्थर कटिंग मशीन से केबल चोरी, कॉपर निकालकर फरार हुए चोर

**बालोद।** पत्थर कटिंग करने वाले मशीन को चुराकर चोरो ने मशीन के कॉपर को निकालकर ले गए। जिसके बाद खदान के मुंशी ने अज्ञात चोरो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कुरदी निवासी कमलदास साहू पिता स्व0 चरणदास साहू 53 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मैं विगत 12 वर्षो से जलाराम स्टोन खदान में मुंशी का काम कर रहा हूं। 06 फरवरी के रात करीबन 12 बजे से 04 बजे के बीच खदान में पत्थर कटीन के लिए लगाए गए कुंवारी कटर मशीन का केबल 03 कोर का कॉपर मोटाई 10 एमएम जो 100–100 मी. के 2 नग था, जिसे कोई अज्ञात व्यक्तियों द्वारा खदान के मेन स्वीच बोर्ड से एवं कटर मशीन के पास से काटकर ले गया है। जिसकी अनुमानित कीमती 80,000 रूपये का है, पता तलाश करने पर खदान से उपर 200–300 मीटर के करीबन दूरी पर खेमचंद साहू के खेत के पास कापर को निकालकर ले गए है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ-पितृ सम्मेलन व वार्षिक उत्सव आज

**बालोद/कलंगपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर मे 9 फरवरी सोमवार को सुबह 10 बजे से विद्यालय प्रांगण में मातृ पितृ सम्मेलन एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी।
इस अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित रहेंगी एवं अध्यक्षता उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन साहू करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि में चंद्रकुमारी साहू, जनपद सदस्य गुण्डरदेही वंदना साहू, युवराज मार्कण्डेय, हेमंत साहू, काजल जैन, लता साहू, संहित बहुत से मातृत्व शक्ति एवं पालकगण उपस्थित रहेंगे।

### विनायकपुर पीएमश्री स्कूल में वार्षिकोत्सव आज

**अंडा।** आज पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत, एवं शाला परिवार के तत्वावधान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव 2026 का आयोजन है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर (विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं उपाध्यक्ष छग राज्य ग्रामीण विकास एवं अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग), अध्यक्षता योगेन्द्र दिल्लीवार (सरपंच ग्राम पंचायत विनायकपुर) तथा विशेष अतिथि के रुप में प्रीतपाल बेलचंदन (अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग), सरस्वती बंजारे(अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग), श्रद्धा साहू (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग), आशा विक्की मिश्रा (सदस्य जिला पंचायत दुर्ग), कुलेश्वरी देवांगन (अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग), अजीत चन्द्राकर (सदस्य जनपद पंचायत दुर्ग) की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।
वार्षिकोत्सव के माध्यम से बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। शाला प्रबंधन समिति द्वारा बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता बढ़ाने के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले व्यक्तित्व का सम्मान किया जाना है। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की जाती है।

## आयोजन : ग्रामीण क्षेत्रों में उत्सव जैसा माहौल, योजनाओं की हुई समीक्षा

# बालोद जिले में रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन, ग्रामीणों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




शासन के दिशा–निर्देशों के अनुरूप बालोद जिले के विभिन्न ग्रामों में 07 फरवरी को रोजगार दिवस और आवास दिवस का आयोजन किया गया। इसमें विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रें में उत्सव का माहौल रहा, जहां शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, उप सरपंच एवं पंचगण, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, आवास हितग्राहियों और मनरेगा श्रमिकों और ग्रामवासियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान न केवल योजनाओं की समीक्षा की गई, बल्कि आगामी लक्ष्यों के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण और वीबी जीरामजी के प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान विभागीय कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास निर्माण की तकनीकी बारीकियां, किस्तों का भुगतान और गुणवत्तापूर्ण आवास सुनिश्चित करना, वीबी जीरामजी के के तहत योजना के नवीन प्रावधानों और ग्रामीण विकास में इसकी भूमिका जिसमें ग्रामीण क्षेत्रें में मजदूरों और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को स्थायी रोजगार सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।



इस योजना के तहत आगामी वित्तीय वर्ष 2026 से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों की रोजगार गारंटी। योजना के प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण मजदूरों को न्यूनतम आय सुरक्षा प्रदान करना जिससे बेरोजगारी, पलायन और आर्थिक अस्थिरता को कम करना है। इसके साथ ही साथ मनरेगा श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार के अवसर, समय पर भुगतान और श्रमिकों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मनरेगा अंतर्गत संपादित कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण के तहत कार्यों का भौतिक सत्यापन योजना की पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने की जानकारी दी गई। डिजिटल पारदर्शिता के तहत ग्रामीणों ने अपने मोबाइल के माध्यम से क्यू आर कोड स्कैन के माध्यम से मनरेगा के कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। प्रचार–प्रसार हेतु ग्राम पंचायतों में वीबी जीरामजी के का पांप्लेट वितरण एवं दीवार लेखन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी गई ताकि अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंच सके। शासन की मंशा के अनुरूप रोजगार और आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुलभ बनाना ही प्राथमिकता है।

## मोटरसाइकिल की ठोकर से बुजुर्ग घायल, रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सुबह टहलने के लिए गए बुजुर्ग को मोटर साइकिल ने ठोकर मार दी। जिसके बाद बुजुर्ग के पिता ने अज्ञात बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम सिर्राभाठा निवासी भारत लाल मेश्राम ने पुलिस को बताया कि वर्तमान मे तेलीबांधा रायपुर में रहता हूं। 07 फरवरी के सुबह करीब 05.15 बजे मेरे पिताजी ग्राम सी.बी. नवागांव निवासी लतेल मेश्राम पिता स्व. मनबोध मेश्राम उम्र करीब 68 वर्ष जो प्रतिदिन की तरह सुबह–सुबह पैदल मार्निंग वॉक मे गया था। सुबह करीब 05.15 बजे ग्राम सी.बी. नवागांव तालाब हनुमान मंदिर के पास जेवरतला मेन रोड मे पैदल टहलकर जेवरतला तरफ से वापस घर आ रहा था, उसी समय जेवरतला तरफ से आ रही अज्ञात मोटर साइकिल का चालक ने पीछे से मेरे पिताजी को ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया है। जिससे मेरे पिताजी के दाहिना पैर में घुटना के नीचे, मस्तक मे, दाहिना पैर के जांघ मे चोट लगा है।

मोटर साइकिल चालक ने एक्सीडेन्ट करने के बाद वहां से फरार हो गया। मेरे पिताजी को ईलाज कराने के लिए राजनांदगांव में भर्ती कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराने आया हूं। एक्सीडेन्ट की घटना घटित होने बाद आस पास के लोग देखे है और उसके बाद ग्राम कोटवार का लडका सूर्यकांत उर्फ बंटी मेश्राम ने मुझे फोन करके बताया तब मुझे जानकारी हुआ है। मेरे पिताजी को चचेरा भाई कृष्णकांत मेश्राम ने श्रीराम अस्पताल राजनांदगांव मे ले जाकर ईलाज हेतू भर्ती कराया है, मेरे पिता ईलाज हेतू अस्पताल मे भतएँ है।

## संगठन और विधायक के बीच बेहतर तालमेल की सराहनाः किशोर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



संजारी बालोद विधानसभा के विधायक संगीता सिन्हा के जन्मदिन पर आयोजित समारोह में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ किशोर साहू ने पूरे संगठन की ओर से विधायक को जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं संप्रेषित किए। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि गुरूर ब्लॉक संगठन काफी मजबूत संगठन है। इसी के बलबूते जनता का स्नेह आशीर्वाद लगातार मिल रहा है। उन्होने कहा विधायक हमेशा संगठन से तालमेल मिलाकर कार्य कर रहे है संगठन से सहयोगात्मक भावना से संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दे रहे है। ब्लॉक अध्यक्ष ने विधायक संघर्ष को याद करते हुए कहा कि वे लगातार दिन हो या रात जनता के बीच पहुंच कर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है किसानों की समस्या को लेकर हमेशा मुखर रही। प्रशासन के अधिकारी से लड़ कर उनको उनका हक दिलाया, आज उनका जन्मदिन एक छोटे से आदिवासी ग्राम में आयोजित करना उनकी सादगी को दर्शाता है कि वे अपने सुख हो या दुख क्षेत्र की जनता के साथ बांटना चाहती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा, महामंत्री सादिक अली, सुमीत राजपूत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष तामेश्वर साहू, तोमन साहू, संजय चौधरी, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोनू ठाकुर, महिला कांग्रेस अध्यक्ष राज श्री, एनएसयूआई अध्यक्ष अभिषेक साहू समस्त मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ विधायक संगीता सिन्हा के जन्मदिन पर कांग्रेसजनों ने दी

## परिवार सहित मारपीट का आरोप सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ गाली–गलौज का विरोध करने पर शुरू हुई झड़प

एक व्यक्ति ने अपने एवं अपने परिजनो के साथ मारपीट करने वाले एक ही परिवार के सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 191(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

वार्ड क्र 06 आमाडारपारा डौंडी निवासी दौलत ने पुलिस को बताया कि 01 फरवरी को रात्रि करीबन 10.20 बजे किशोर का पुत्र दददू यादव गली में हमारे परिवार को गाली गलोच कर रहा था, मेरे इतने पूछे जाने पर कि गाली गलौच क्यो कर रहा है, उतने में किशोर यादव, संतराम यादव व दददू यादव के द्वारा मुझे पाटा से खिचकर जमीन पर मारपीट किया गया, इस समय गोलू यादव किशोर यादव का दामाद, किशोर यादव की सास, उसकी पत्नी के द्वारा मेरी बडी बहू भुनेश्वरी साहू को बेहोश होते तक मारपीट किया गया, इस झगडे में मेरे बडे पुत्र हेमंत के दाहिने हथेली में चोट आया है मेरी बडी बहू के गाल में उसके दामाद के द्वारा हाथ से झापड का निशान है, मेरी पोती एंजल साहू के दाहिने हाथ को भी नाखुन से नकोडा गया है, मेरी पत्नी के हाथ में चोट आया है, मैं इस कार्य से हतप्रद व डरा हुआ, मैं घर में अकेले निवास करता हूं, इनके परिवार के द्वारा हमेशा गाली गलौच किया जाता है, मैं संतराम यादव, किशोर यादव, दददू यादव किशोर यादव के पुत्र, दादाम किशोर के बडे भाई की बेटी दामाद, किशोर यादव की सास, किशोर यादव की बेटी, संतराम यादव की पत्नी, गोलू यादव की पत्नी के नाम से शिकायत की है।

## ओरमा में दो दिनी मानसगान सम्मेलन और लोककला महोत्सव का शुभारंभ



**बालोद।** ग्रामवासी ओरमा द्वारा दो दिवसीय मानसगान सम्मेलन व लोककला महोत्सव का शुभारंभ रविवार को हुआ। सम्मेलन के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि छग राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत शर्मा थे। अध्यक्षता ग्राम पंचायत के ओरमा के सरपंच मंजूलता परस साहू ने किया। विशेष स्थिति मायाराम पंत, पूरण लाल माली, उत्तम हिरवानी, छगन लाल यादव, अनूप साहू, प्यारेलाल केसरिया, धन्नू लाल सहित अन्य शामिल रहे। अतिथियों द्वारा सम्मेलन का शुभारंभ भगवान राम की पूजा अर्चना कर किया गया। दो दिवसीय मानस गान सम्मेलन में बालोद जिले सहित अन्य जिले के ख्याति प्राप्त मानस मंडलियों को आमंत्रित किया गया। मुख्य अतिथि छग राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञदत शर्मा ने भगवान राम के बारे में व्याख्यान दिया। उन्होंने मानसगान सम्मेलन आयोजित करने पर ग्राम ओरमा के ग्राम वासियों के प्रति हर्ष व्यक्त किया।

### मटिया अ में महाशिवरात्रि की धूमः 13 को दाई के दुलरवा जस झांकी होगी

**अर्जुन्दा।** महाशिवरात्रि के पूर्व ग्राम मटिया अ में 13 फरवरी शुक्रवार को शाम 7 बजे दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी पटपर का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम की जानकारी हेमशंकर चौधरी, सतीश साहू और लोकेंद्र साहू ने दिया। कार्यक्रम में शामिल होने आस पास गांव सहित जनमानस को आमंत्रित करते पंचायत प्रतिनिधि पंकज चौधरी ने आव्हान किया है।

### कार की ठोकर से युवक घायल

**बालोद।** बाइक में दोस्त के साथ जा रहे युवको को कार ने ठोकर मार दिया। जिससे युवक घायल हो गए। जिसके बाद पीड़ित युवको ने कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(एं), 125(इ), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नं0 22 जैन मंदिर रोड दल्लीराजहरा निवासी प्रज्वल कुमार ने पुलिस को बताया कि भिलाई से दल्लीराजहरा अपने दोस्त मनीष के मोटर साइकिल क्र0 सीजी 24 एम 7247 से दल्लीराजहरा जा रहे थे हम लोगों के पीछे मोटर सायकल क्र0 सीजी 24 पी 2109 भी आ रहे थे कि रात्रि करीबन 08 बजे ग्राम ईरागुडा पुलिया के आगे पहुंचे थे कि पीछे से आ रही कार क्र0 सीजी 04 एम टी 4804 के चालक अपने कार को काफी तेज व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुये मेरे पीछे मोटर साइकिल क्र0 सीजी 24 पी 2109 और हमारे मोटर साइकिल क्र0 सीजी 24 एम 7247 को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर चोंट पहुंचाया है। एक्सीडेंट से मेरे होंठ, बांये कलाई, बांये पैर में, मनीष कुमार के सिर, दांहिना कंधा में, नरेन्द्र कुमार विश्वकर्मा के बांया पैर टूट गया है व सीने में चोंट लगा था और दोनों मोटर साइकिल क्षतिग्रस्त हो गया है। ईलाज कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज कराने आया।

## ग्राम पंचायत पिकरीपार में हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम




**गुरूर।** ग्राम पंचायत पिकरीपार द्वारा शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसके तहत ग्राम में टिना शेड का शिलान्यास एवं नवीन आंगनबाड़ी पिकरीपार, टिना शेड लोकर्पण किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी। अध्यक्षता सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू ने किया। अति विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सभापति महिला बाल विकास जनपद पंचायत गुरूर संध्या अजेन्द्र साहू,



सभापति जनपद पंचायत गुरूर नरेश मदन साहू, अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर किशोर कुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुरूर तामे"वर साहू, विधायक प्रतिनिधि टोमन लाल साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पिकरीपार चंदा तुकाराम साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति पिकरीपार राधेलाल साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति तिलखैरी मुंजन लाल देवांगन उपस्थित थें। पंचायत पदाधिकारी में सरपंच पंचशीला धनराज साहू, उपसरपंच कंसराम साहू, सचिव दानीराम साहू, पंच पीताम्बर देवांगन, रामकुमार देवांगन, यशवंत यादव, कविता यादव, भुनेश्वरी साहू, जागेश्वरी साहू, टामिन साहू, झामिन बाई ठाकुर, तिजिया साहू, रोजगार सहायक टिलेश्वर साहू व ग्रामीण उपस्थित थे।

## भागवत-शिव-देवी महापुराण की कथा यात्रा निरंतर जारी



**डौंडीलोहारा।** परम पूज्य महाराज आचार्य पंडित विनोद एवं उनके सुपुत्र पंडित अनंत तिवारी (उमरवाही वाले) द्वारा संचालित श्रीमद् भागवत, देवी भागवत एवं श्रीमद् शिव महापुराण कथा यात्रा का शुभारंभ विगत 21 नवंबर 2025 को आतरगांव, जिला बालोद से हुआ था। यह दिव्य धार्मिक यात्रा विभिन्न ग्रामों से होती हुई निरंतर आगे बढ़ रही है, जिसमें श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या सहभागिता कर रही है। यात्रा के क्रम में आमाडुला (मोहला), भुरकाभाट (बालोद), भेंडरवानी (राजनांदगांव), चे.ब. नवागांव (बालोद), कन्हारपुरी (धमतरी) जैसे ग्रामों में सफल आयोजन के पश्चात वर्तमान में 02 से 10 फरवरी 2026 तक ग्राम डुमरघुचा (बालोद) में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन चल रहा है।

इसके पश्चात आगामी कार्यक्रमों का क्रमनिर्धारित है। 11 से 19 फरवरी श्रीमद् शिव महापुराण कथा, ग्राम कोटेरा, डौंडीलोहारा (बालोद) 20 से 28 फरवरी श्रीमद् देवी महापुराण, अं. चौकी (मोहला) 08 से 16 मार्च श्रीमद् देवी महापुराण, ग्राम अंडी, डौंडीलोहारा (बालोद) 19 से 27 मार्च श्रीमद् देवी महापुराण, ग्राम सिंगारपुर, डौंडीलोहारा, जिला बालोद (समापन कथा) आचार्य पंडित विनोद जी एवं पंडित अनंत तिवारी जी के सान्निध्य में होने वाली इन कथाओं से क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो रहा है। आयोजकों द्वारा समस्त श्रद्धालुजनों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर अपने जीवन को धर्म, भक्ति और सत्संग से धन्य बनाने का आग्रह किया गया है। उक्त जानकारी आचार्य जी के शिष्य पीलू राम साहू, ग्राम सिरपुर (डौंडीलोहारा) द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

### एकलव्य आदर्श विद्यालय में आवेदन की तिथि 11 फरवरी तक बढ़ी

**डोंडी।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, डौंडी, जिला बालोद में कक्षा छठवीं प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 11 फरवरी 2026 कर दिया गया है। साथ ही, आवेदन में सुधार के लिए 12 फरवरी से 14 फरवरी 2026 तक का अवसर प्रदान किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथियों में आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन करें।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बैमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### मन्नत पूरी होने पर मिट्टी का घोड़ा चढ़ाने की है परंपरा

# घने जंगलों के बीच आस्था का केंद्र बना हाकड़ी पाठ मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा




वनांचल क्षेत्र के घने जंगलों के बीच वर्षों से आस्था का केंद्र बना हाकड़ी पाठ मंदिर आज भी श्रद्धालुओं के अटूट विश्वास और परंपरा का जीवंत प्रतीक बना हुआ है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरे इस मंदिर की ख्याति केवल आसपास के गांवों तक सीमित नहीं, बल्कि दूर-दराज के इलाकों तक फैली हुई है।

विकासखंड के ग्राम रेंगाडबरी से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को घने जंगलों और कच्चे रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है। इसके बावजूद भक्तों की आस्था में कोई कमी नहीं देखी जाती और बड़ी संख्या में श्रद्धालु नियमित रूप से यहां दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय जनमान्यताओं के अनुसार यहां विराजमान बाबा गैंद सिंह की कृपा से भक्तों की मन्नतें पूर्ण होती हैं। मंदिर के पुजारी मोहरन रावटे वर्षों से परंपरागत रूप से पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। मान्यता है कि मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु मंदिर में नारियल, अगरबत्ती तथा पारंपरिक रूप से मिट्टी का घोड़ा चढ़ाकर अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। मंदिर परिसर में देवी-देवताओं की अनेक मूर्तियां भी स्थापित हैं, जहां श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन-पूजन करने पहुंचते हैं। विशेषकर त्योहारों, अमावस्या एवं अन्य धार्मिक अवसरों पर यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और पूरा जंगल क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब जाता है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि हाकड़ी पाठ मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और लोक विश्वास का भी महत्वपूर्ण प्रतीक है। ग्रामीणों द्वारा भविष्य में मंदिर तक पहुंच मार्ग एवं मूलभूत सुविधाओं के विकास की मांग भी की जा रही है, ताकि श्रद्धालुओं को और अधिक सुविधा मिल सके।

यह मुख्य मार्ग से 3 किलोमीटर अंदर जंगल में बना हुआ मंदिर है, बरसात में तो पैदल जाना भी मुश्किल रहता है। ग्रामीण संवाददाता नेमन साहू ने बताया कि कई वर्षों से महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर प्रांगण में मंडई मेला का आयोजन भी किया जाता है, जिसमें आसपास के देवी-देवताओं का महामिलन देवसमागम होता है और क्षेत्र में भक्ति व आस्था का भव्य दृश्य देखने को मिलता है। इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर मंडई मेले का आयोजन किया गया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 16,500/
12 ज्योतिर्लिंग
स्पेशल ट्रेन से 29 जुलाई से 08 अगस्त 2026 तक
रिजर्वेशन कोच
18 मार्च, 08 अप्रैल, 13 मई 2026 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411